भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. *156
दिनांक 30 जुलाई, 2025 को उत्तरार्थ

गुजरात में 5जी सेवाएं रोलआउट करना

*156. श्री देवुसिंह चौहानः

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देशभर में विशेषकर गुजरात में 5जी नेटवर्क की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार की ग्रामीण क्षेत्रों में 5जी अवसंरचना की स्थापना में तेजी लाने की योजना है;

(ग) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में की जा रही पहलों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) गुजरात में 5जी सेवाओं की व्यापक उपलब्धता के लिए संभावित समय-सीमा क्या है?

उत्तर
संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) से (घ) विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

“गुजरात में 5जी सेवाएं रोलआउट करना” के संबंध में दिनांक 30 जुलाई, 2025 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *156 के भाग (क) से (घ) के संदर्भ में लोक सभा के पटल पर रखा जाने वाला विवरण

(क) देश भर के सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 5जी सेवाएँ को रोल आउट कर दिया गया हैं और यह देश के 99.9% जिलों में उपलब्ध है। दिनांक 30.06.2025 तक, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) द्वारा देश भर में 4.86 लाख 5जी बेस ट्रांसीवर स्टेशन (बीटीएस) संस्थापित किए गए हैं, जिसमें से 32,547 5जी बीटीएस गुजरात राज्य में संस्थापित किए गए हैं।

(ख) और (ग) सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों सहित पूरे देश में 5जी सेवाओं और अवसंरचना के परिनियोजन में तेजी लाने के लिए कई पहल की है, जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित शामिल हैं:

i. 5जी मोबाइल सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी।
ii. समायोजित सकल राजस्व (एजीआर), बैंक गारंटी (बीजी) और ब्याज दरों को युक्तिसंगत बनाने के लिए वित्तीय सुधार।
iii. वर्ष 2022 और उसके बाद की नीलामी में प्राप्त स्पेक्ट्रम के लिए स्पेक्ट्रम उपयोग शुल्क हटाना।
iv. एसएसीएफए (रेडियो फ्रीक्वेंसी आवंटन हेतु स्थायी सलाहकार समिति) की मंजूरी की प्रक्रिया का सरलीकरण।
v. दूरसंचार अवसंरचना की संस्थापना हेतु आरओडब्ल्यू अनुमतियों और मंजूरी को सुव्यवस्थित करने के लिए गतिशक्ति संचार पोर्टल और आरओडब्ल्यू (मार्ग के अधिकार) नियमों की शुरूआत।
vi. स्मॉल सेल्स और दूरसंचार लाइन की संस्थापना के लिए स्ट्रीट फर्नीचर के उपयोग हेतु समयबद्ध अनुमति।

(घ) गुजरात राज्य के सभी जिलों में 5जी सेवाएँ उपलब्ध हैं।

*****